YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स

मीसा का फार्म हाउस मनी लॉन्ड्रिंग संपत्ति

देखें Front Page 2 जाएं पेज 16

'सही व्यवसाय केवल आध्यात्म और सामाजिक संयोग से ही संभव'

■ **एनबीटी सं, लखनऊ:** सही व्यवसाय केवल आध्यात्म और सामाजिक संयोग से ही सम्भव है। स्वयं की चेतना को जागरूक करना ही अध्यात्म है। जिस काम में लज्जा, भय और शंका न हो वही काम सही है और उसी को करना चाहिए। यह बातें आईआईएम लखनऊ के प्रफेसर व मैनेजमेंट गुरु प्रो. हिमांशु राय ने स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में रविवार को आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में कही। 'व्यापारिक तालमेल बढ़ाने में सामाजिक, आध्यात्मिक तथा तकनीकी आयाम का महत्व' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि मारूति सुजूकी के चीफ मेंटर एसवाई सिद्दीकी ने कहा कि व्यापार, अध्यात्म तथा समाज तीनों आपस में एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। व्यापार जगत को अध्यात्म से जोड़ना होगा तभी किसी समाज में खुशहाली आएगी। जिंदल स्टील के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विजय सिन्हा ने कहा कि आज हर कोई अपने आप में ही खोया हुआ दिखता है। इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि हमें मानसिक रूप से एक दूसरे के पास आना होगा तभी हम सामाजिक एवं व्यापारिक दृष्टि से संपन्न बन सकेंगे।